## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदोन्नति आदेश जारी

**पदोन्नति की लंबित स्थिति का हुआ निराकरण**

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मंत्रालय (महानदी भवन) से पदोन्नति आदेश जारी किया है, जिसमें 26 उप अभियंता (सिविल) को सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर, पांच सहायक अभियंता (सिविल) को कार्यपालन अभियंता (सिविल) के पद पर और एक सहायक अभियंता (एम.आई.एस.) को कार्यपालन अभियंता (एम.आई.एस.) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर किया अपहरण

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। बीते सितंबर माह में चांपा की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने के मामले में चांपा पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी किशोरी का अपहरण कर उसे रायपुर में रखा था। पुलिस की टीम ने रायपुर जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सूचना आधारित ऑपरेशन जारी रखा जाए : डीजीपी

**नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों की बैठक सम्पन्न**

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने आज शाम चार बजे एस.आई.बी. मुख्यालय (पुराना पुलिस मुख्यालय) में नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि माओवादियों के विरूद्ध सूचना आधारित ऑपरेशन में तेजी लाते हुए निरंतर जारी रखा जाए और प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों के मानवाधिकार का हनन ना हो।

### चाम्पा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य : बिलासपुर तक चलेगी गोंडवाना-त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस

**कई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द**

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत चाम्पा स्टेशन यार्ड के आधुनिकीकरण एवं चांपा-सारागांव रोड सेक्शन में तीसरी एवं चौथी रेल लाईन परियोजना को जोड़ने के लिए 07 जनवरी से चल रहे नवीनीकरण एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के फलस्वरूप आज और कल कई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेगी।

### तीन किशोर लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। उरला स्थित सुभाष नगर बीरगांव से तीन बच्चों के लापता हो जाने की रिपोर्ट परिजनों ने उरला थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार उरला थाना सुभाषनगर बीरगांव निवासी दो सगे भाई नैतिक सिंह 12 वर्ष व गौरव 7 वर्ष एवं दोस्त अमनदीप 10 वर्ष घर के बाहर खेल रहे थे। परिजनों ने जब बाहर जाकर देखा तो तीनों बच्चे नही मिलने पर इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने घर के बाहर व आस-पास की सीसी टीवी केमरों की जांच कर रही है। वही पुलिस टीम के साथ क्राईम ब्रांच की टीम बच्चों की खोजबीन में लग गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### फरवरी तक बिगड़ी रहेगी ट्रेनों की चाल, सवा 6 घंटे में बिलासपुर पहुंच रही है जनशताब्दी

बिलासपुर (आरएनएस)। अगर आप किसी विशेष मीटिंग, अप्वाइंटमेंट या इंटरव्यू के लिए बिलासपुर, रायपुर या रूट पर कहीं जा रहे हैं तो 7-8 घंटे मार्जिन लेकर चलें। चांपा स्टेशन के आसपास मरम्मत के कारण रेलवे का मेगाब्लॉक चल रहा है। इससे रायगढ़ से रायपुर तक ट्रेनों की चाल बुरी तरह से बिगड़ी हुई है। बिलासपुर पहुंचकर कनेक्टिंग ट्रेन लेने वालों की ट्रेन छूट रही हैं। रायगढ़ से बिलासपुर पहुंचने में जनशताब्दी को साढ़े 4 से सवा 6 घंटे तक लग रहे हैं। रेलवे न तो यात्रियों को इसकी जानकारी दे रहा है और न ही कोई व्यवस्था ऐसी जिससे यात्री समय पर गंतव्य तक पहुंचे।

### नक्सलियों ने बस्तर विकास के लिए 17 सूत्रीय मांगों का परचा फेंका

**संभवतः बस्तर के इतिहास में पहली बार नक्सलियों ने विकास की बात कही है**

जगदलपुर (आरएनएस)। संभवतः प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है जब नक्सलियों ने पर्चा फेंक कर सरकार के समक्ष 17 सूत्रीय मांगें रखते हुए विकास की बात कही है।

### नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस मनाया गया

धमतरी (आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर के.आर.ओगरे ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति संबंधी शपथ दिलाए। बताया गया कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है, जिससे कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती हैं। नशापान उच्च स्तरीय जीवन शैली का प्रतीक नहीं है, अपितु अज्ञानता में लिया गया निर्णय है।

### जशपुर में प्लेसमेंट कैम्प 4 फरवरी को


जशपुरनगर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जषपुर में 4 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। यह कैम्प पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से विविध प्रकार के 57 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

# कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था - मुख्यमंत्री बघेल

**साईंस कॉलेज मैदान में क्षेत्रीय सरस मेले का किया शुभारंभ**

**15 राज्यों की महिला स्वसहायता समूहों ने उत्पादित सामग्रियों और कलाकृतियों के लगाए स्टॉल**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार आएगा और बहनों को रोजगार मिलेगा। गांव में निर्मित वस्तुओं की पूरे देश भर में बिक्री होगी और स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित खाद्य सामग्रियों का आनंद ग्राहकों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री बघेल कल रात राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में क्षेत्रीय सरस मेले का शुभारंभ किया । ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और जिला पंचायत रायपुर द्वारा आगामी 5 फरवरी तक चलने वाले इस आठ दिवसीय मेले का



आयोजन किया गया है।

इस मेले में 15 राज्यों के 166 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय सह प्रदर्शन किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, रायपुर नगर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय और जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती शारदा वर्मा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा, गरुवा, घुरवा और बाड़ी को बचाने के लिए महिला स्व सहायता समूहों की बहनों से सहयोग का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गौ पालन हमारी परंपरागत ग्रामीण व्यवस्था का अभिन्न अंग रहा है। गौ पालन को घरेलू कार्य माना जाता था और बेटियां दूध दुहने का काम करती थी इसीलिए बेटियों को दुहिता भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले के धनेली गांव में गोठान और चारागाह को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पशुओं के लिए पेयजल और सेड की व्यवस्था की जाएगी।

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण में संलग्र दो मिक्सर मशीनें फूंकी

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज फिर नक्सलियों ने सडक़ निर्माण में संलग्र दो मिक्सर मशीनों को आग के हवाले कर दिया। आगजनी में मशीनें जलकर क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। नक्सलियों ने कार्यस्थल पर मौजूद श्रमिकों को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इसके साथ ही नक्सलियों ने 31 जनवरी को बंद का भी ऐलान किया है। नक्सलियों की इस करतूत से इलाके में देहशत का माहौल है.

मिली जानकारी के मुताबिक फूलबगड़ी थाना क्षेत्र के नीलावाराम इलाके में सड़क



निर्माण का कार्य किया जा रहा है। हालांकि नक्सलियों के बंद के एलान के बाद सडक़ निर्माण का कार्य रोक दिया गया था। बावजूद इसके नक्सलियों ने वहां खड़ी मिक्सर मशीनों को आग के हवाले कर दिया। उल्लेखनीय है कि नक्सली 25 से 31 जनवरी तक शहीद सप्ताह मना रहे हैं और कल 31 जनवरी को बंद का ऐलान किया है। अपने बंद को सफलीभूत करने के इरादे से नक्सली बस्तर में लगातार हिंसक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और ग्रामीणों से बंद को सफल बनाने की भी अपील कर रहे हैं।

गौरतलब है कि लगातार नक्सली इलाके में पर्चे फेंककर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन का विरोध कर रहे हैं।

मंगलवार को भी नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ की सीमा से महज 5 किमी दूर ओडिशा के मलकानगिरी में एक यात्री बस में आग लगा दी थी और दंतेवाड़ा जिले में मालगाड़ी रोककर उसमें बेनर बांधकर चालक से मोबाईल लूट लिया था।


# घर में घुसकर ट्रांसपोर्टर को मारी गोली, मौत

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई में बीती रात गोली कांड की घटना हुई। कुछ अज्ञात आरोपी ने युवक के घर में घुसकर गोली मार दी। इस से युवक की मौत हो गई है। घटना तकरीबन 11:30 बजे की बताई जा रही है पुलिस का कहना है कि खुर्सीपार इलाके में रहने वाले सूरज सिंह को बदमाशों ने गोली मारी है। पुलिस ने बताया कि घर का दरवाजा आगे और पीछे से बंद था। गोली की आवाज सुनने से लोग आशंकित थे कि कुछ



घटना घटी है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छोटे से बच्चे को खिड़की के ऊपर चढ़ाया जिससे उन्हें पता चला कि खून से लथपथ युवक जमीन पर पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अभी बताया कि मृतक ट्रांसपोर्टर था उसके पास 12 गाड़ियां थी फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही थी आरोपी ने गोली क्यों मारी।

# उत्तर की सर्द हवा से फिर ठिठुरा छत्तीसगढ़



रायपुर (आरएनएस)। राज्य में उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवा के असर से ठंड एक बार फिर से लौट आई है। ठंड का आलम यह है कि राज्य के अधिकांश इलाकों में इस समय शीतलहर के हालात निर्मित हो गए हैं। मौसम विभाग ने अभी मौसम का मिजाज इसी तरह से बने रहने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट के अनुसार राज्य में ठंड का असर एक बार फिर से बढ़ गया है।

उत्तर की सर्द और शुष्क हवा के असर से तापमान में गिरावट आने से लोगों को एक बार फिर से ठिठुरन का एहसास हो रहा है। रात के साथ ही दिन में भी लोगों को जोरदार ठंड महसूस हो रहा है।

# अब 10 साल पुराने आटो नहीं चल पाएंगे सड़क पर

जगदलपुर (आरएनएस)। वायु प्रदूषण कम करने के लिए परिवहन विभाग ने ऑटो संचालन नीति में बदलाव किया है। नई नीति के तहत अब शहर में 10 साल से ज्यादा पुराने ऑटो नहीं चल पाएंगे। इन्हें शहर में चलने की पात्रता नहीं होगी। ऐसे ऑटो को शहर से बाहर कर दिया जाएगा। इन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में चला सकेंगे। शहर में ऑटो चलाने के लिए चालकों को नए ऑटो खरीदने के साथ ही इसका परमिट भी नए सिरे से लेना होगा। इस नियम का पालन नहीं करने वालों खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। इस समय परिवहन विभाग में पंजीकृत ऑटो की संख्या 2052 है। जबकि इस समय करीब तीन हजार से अधिक ऑटो शहर से लेकर गांव में दौड़ रहे हैं।


# तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सलियों ने मचाया उत्पात, राज्य परिवहन की बस और एक ट्रक को किया आग के हवाले

सुकमा (आरएनएस)। तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सलियों ने मंगलवार को जमकर उत्पात मचाया है. तेलंगाना राज्य परिवहन की बस और एक ट्रक को आग के हवाले कर दिया. कोटा से 15 किमी दूर गांव के पास आगजनी की घटना को अंजाम दिया है. पूरा मामला चिंतुर थाना क्षेत्र का है. वही दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने आकाश नगर डिपॉजिट 5 के डाउन हिल के पास पोस्टर बैनर लगा कर रोड को जाम कर दिया है.

# लोकसभा चुनाव : कांग्रेस के कई दावेदार हुए सक्रिय

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी है। कांग्रेस की ओर से दावेदारों की वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात तेज हो गई है तो वहीं 15 वर्षों तक राज्य की सत्ता में काबिज रहने वाले भाजपा में अभी भी एकजुटता दिखाई नहीं दे रही है।


लोकसभा चुनाव को लेकर




चुनावी तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी है। राज्य में संपन्न हुए विधाानसभा चुनाव में शानदार और ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस संगठन ने भी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और लगातार बैठक लेकर संगठन के पदाधिकारियों को एकजुट बनाए हुए हैं। इधर दूसरी ओर विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए जी-जान से जुटे और जीत के बाद भी संगठन में लगातार सक्रिय बने रहने वाले कांग्रेस के नेताओं ने अब लोकसभा सीट के लिए अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत करनी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वर्तमान में कांग्रेस की ओर से रायपुर लोकसभा सीट के लिए राजेंद्र तिवारी, प्रमोद वर्मा, किरणमयी नायक, शारदा वर्मा, शैलेष वर्मा की दावेदारी आ चुकी है।

# जानिए वास्तुशास्त्र में क्यों महत्व रखता है इलायची

हमारे घर के कीचन में मौजद कई ऐसी चीजें होती हैं जिनका वास्तुशास्त्र में बहुत महत्व होता है। कीचन में मौजूद चीजों से हम अपने घर का वास्तुदोष ठीक रख सकते हैं। इन्ही में एक हैं इलायची। जहां इलायची हमारे भोजन के स्वाद को बढ़ा देती हैं



वहीं ये घर के वास्तुदोष को भी दूर करती है। आइए जानते हैं इसका महत्व-

- अगर लाख मेहनत करने पर भी आपको मनचाहा वेतन या प्रमोशन नहीं मिल रहा है तो वास्तुशास्त्र के अनुसार रोज रात में एक हरे कपड़े में एक इलायची को बांधकर तकिए के नीचे रखकर सोएं और सुबह उठकर इलायची किसी बाहरी व्यक्ति को दे दें। इससे आपको जल्दी ही प्रमोशन मिलेगा।

-वास्तुशास्त्र के अनुसार अगर पढ़ाई में अच्छे नंबर चाहिए तो एक छोटी इलायची को दूध में उबालकर किसी गरीब को पिला दें। इससे आपके अंदर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी और परीक्षा में आपके अच्छे नंबर आएंगे।

- अगर आप धनवान बनना चाहते हैं तो वास्तुशास्त्र के अनुसार अपने पर्स में हमेशा 5 इलायची रखें, इससे सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आपके साथ रहेगी।

- अगर आप अभी तक कुंवारे हैं और सुंदर बीवी की हसरत रखते हैं तो वास्तुशास्त्र के अनुसार पांच इलायची को पीले वस्त्र के साथ किसी गरीब को दान दें।

# रिएलिटी टीवी शो जज करना पसंद करूंगी : दिव्या दत्ता



फिल्मों, लघु फिल्मों और वेब मनोरंजन की दुनिया में काम का संतुलन बना रहीं अभिनेत्री दिव्या दत्ता का कहना है कि उन्हें अगर मौका मिला तो वह छोटे पर्दे के रिएलिटी टीवी शो की निर्णायक बनना पसंद करेंगी। दिव्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं टीवी शोज ज्यादा काम करूंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन, वह इसके लिए हमेशा के लिए ना भी नहीं कह रहीं।

# यूपी में मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा गंगा एक्सप्रेस-वे, मिली कैबिनेट की मंजूरी

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजधानी के बाहर पहली बार हुई प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक के प्रमुख निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के पश्चिमी भाग (मेरठ) को पूर्वी भाग (प्रयागराज) से जोड़ने के लिए 'गंगा एक्सप्रेस-वे' के निर्माण के लिए सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की है। यह एक्सप्रेस-वे मेरठ, अमरोहा, बुलन्दशहर, बदायूं, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज जनपदों से गुजरेगा।

सीएम योगी ने बताया कि यह एक्सेस कण्ट्रोल्ड ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, 4-लेन, एक्स पेन्डेबल टू 6-लेन, का होगा। इसकी लम्बाई लगभग 600 कि.मी. होगी। निर्माण के बाद यह दुनिया का सबसे लम्बा एक्सप्रेस-वे होगा। इसके लिए 6556 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। इस परियोजना के लिए 08 आरओबी और 18 फ्लाईओवर्स बनाए जाने की आवश्यकता होगी। इसके निर्माण पर लगभग 36 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# सबसे ज्यादा तनाव में रहती हैं 2 बच्चों वाली कामकाजी मांएं



हाल ही में हुई एक नई स्टडी में यह बात सामने आयी है कि अगर आप एक फुल-टाइम वर्किंग विमिन हैं और साथ में आपके 2 बच्चे भी हैं तो आपका स्ट्रेस लेवल दूसरों की तुलना में काफी ज्यादा होगा। यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर और यूनिवर्सिटी ऑफ एसेक्स ने मिलकर यह स्टडी की जिसमें करीब 6 हजार लोगों को शामिल किया गया और उनकी जांच की गई।

**तनाव पैदा करने वाली चीजों की हुई जांच**

ब्रिटिश जर्नल सोशयॉलजी में प्रकाशित द यूके हाउसहोल्ड लॉन्जिट्यूडिनल स्टडी में इंग्लैंड के अलग-अलग घरों से जाकर जानकारी हासिल कर उसे इस स्टडी के लिए इकट्ठा किया गया। इस स्टडी के दौरान लोगों के वर्किंग लाइफ, हॉर्मोन्स, ब्लड प्रेशर और ऐसे तमाम चीजों की जांच की गई जिससे स्ट्रेस यानी तनाव बढ़ने की आशंका होती है।

**2 बच्चों वाली मांओं में स्ट्रेस लेवल 40 प्रतिशत अधिक**

स्टडी के नतीजे बताते हैं कि वैसी महिलाएं जिनका फुल टाइम जॉब है और साथ में 2 बच्चे भी हैं उनमें क्रॉनिक स्ट्रेस उन महिलाओं की तुलना में 40 फीसदी अधिक होता है जिनका फुल टाइम जॉब तो है लेकिन कोई बच्चे नहीं हैं।

# अब सलमान खान के साथ कॉप फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी

इन दिनों बॉलिवुड के तमाम बड़े सितारों के बीच कमर्शल फिल्मों के सबसे सफल निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ काम करने की होड़ मची है। पहले गोलमाल सीरीज और बाद में सिंघम जैसी बेहतरीन फिल्मों की शानदार सफलता के बाद शाहरुख खान ने रोहित के साथ चेन्नई एक्सप्रेस और दिलवाले बनाई। हाली ही में अभिनेता रणवीर सिंह की सिंबा भी कामयाब रही। पिछले दिनों रोहित ने अक्षय कुमार के साथ



फिल्म सूर्यवंशी की घोषणा की।

अब खबर है कि बॉलिवुड के पारस बन चुके रोहित को सलमान खान भी भुनाना चाहते हैं। खबरों की मानें तो सलमान खान और रोहित शेट्टी ने निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ मिलकर एक फिल्म बनाने की योजना बनाई है। सलमान को लेकर रोहित एक बार फिर से खाकी वर्दी यानी पुलिस वालों की जिंदगी से जुड़ी एक और कहानी सामने लाएंगे। सबकुछ तय हिसाब से हुआ तो सलमान की इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू हो जाएगी और इस फिल्म को 2020 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज़ किया जाएगा।